# जाम गेट से लौटते वक्त कार पेड़ से टकराई, तीन दोस्तों की मौत

- पिकनिक से लौटते समय बड़गोंडा रोड पर हादसा, खेत में घुसकर पेड़ से टकराई
- दो ने रास्ते में तोड़ा दम, तीसरे की अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत








नव भारत न्यूज

**इंदौर महू. जाम गेट से पिकनिक मनाकर लौट रहे महू के तीन दोस्तों की शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई. तेज रफ्तार कार बड़गोंडा रोड पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में घुसी और पेड़ से जा टकराई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवकों को बचाया नहीं जा सका.**

हादसा नखेरी डैम के पास हुआ. कार एमपी 43 सी 9299 में सवार हरि फाटक निवासी आदिल और अलशन व रिजमिड बाजार निवासी अबुजर जाम गेट घूमकर लौट रहे थे. बताया जा रहा है कि तीनों अपने अन्य साथियों के साथ नखेरी डैम पर पार्टी करने गए थे. लौटते समय जिस ढाबे से बर्तन लिए थे, वहां वापस करने के बाद सभी घर के लिए निकले थे, इसी दौरान यह हादसा हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि कार काफी तेज रफ्तार में जा रही थी. बड़गोंडा रोड पर अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया था, जिससे वाहन सड़क से उतरकर खेत में जा घुसा और एक पेड़ से जा भिड़ा. टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया था, जिससे अंदर बैठे युवक बुरी तरह फंस गए थे. हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची. कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को कार से बाहर निकालकर महू के मध्यभारत अस्पताल भेजा गया, लेकिन दो युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. तीसरे युवक की हालत गंभीर थी, जिसे इंदौर रेफर किया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय उसकी भी मौत हो गई. बड़गोंडा थाना प्रभारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार के चलते वाहन अनियंत्रित होना सामने आया है. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में तो हादसा नहीं हुआ. घटना के बाद हरि फाटक और रिजमिड बाजार क्षेत्र में शोक का माहौल है. बड़ी संख्या में परिजन और स्थानीय लोग मध्यभारत अस्पताल पहुंच गए, जहां हालात को देखते हुए पुलिस बल तैनात करना पड़ा. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर मर्ग कायम कर लिया है. रविवार को कागजी कार्रवाई पूरी कर सोमवार सुबह तीनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा जाएगा.



# दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी करने वाले दो नाबालिग पकड़ाए

- करीब 200 से ज्यादा फुटेज की जांच की

नव भारत न्यूज

**इंदौर. छत्रीपुरा इलाके में सूने मकान को निशाना बनाकर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो नाबालिगों को पकड़ लिया. आरोपियों से नगदी और चांदी के जेवर सहित करीब 80 हजार रुपए का माल बरामद किया है.**

आदर्श इंदिरा नगर में रहने वाले शंकर कुशवाहा के घर सोमवार 8 जून को दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई थी. परिवार घर पर ताला लगाकर काम पर गया था. दोपहर में बेटा लौटा तो दरवाजे का ताला टूटा मिला. अंदर अलमारी खुली थी और उसमें रखी नगदी व चांदी के जेवर गायब थे. घटना के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. करीब 200 से ज्यादा कैमरों की जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लिया, पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 49 हजार रुपए नगद, एक चांदी का कड़ा और एक ब्रेसलेट बरामद किया है. मामले में थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर नजर रखी जा रही है. आरोपियों की अन्य वारदातों में भी भूमिका की जांच की जा रही है.

# ओंकारेश्वर गए परिवार के घर चोरी, 9 दिन बाद दो शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. तिलक नगर थाना क्षेत्र के ब्रजेश्वरी एक्सटेंशन में दिनदहाड़े बंद मकान में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने 9 दिन बाद खुलासा किया. पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो पहले भी कई वारदातों में शामिल रहे हैं. आरोपियों से कुछ सोने के आभूषण और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है, जबकि बाकी माल की तलाश जारी है.**



11 जून को सुनीता शर्मा अपने परिवार के साथ ओंकारेश्वर दर्शन के लिए गई थीं, घर पर ताला लगा था. शाम करीब साढ़े चार बजे किरायेदार ने फोन कर बताया कि घर के ताले टूटे पड़े हैं. परिवार जब लौटा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर अलमारी खुली पड़ी थी. सास के कमरे की अलमारी का लॉक भी तोड़ दिया था. चोर घर से सोने की सात अंगूठियां, पांच मंगलसूत्र, दो चैन, हार सेट, कड़े, नथ, कान के आभूषण, चांदी की पायल और नगदी सहित बड़ी मात्रा में सामान ले गए थे. घटना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी खंगाले और संदिग्धों की तलाश शुरू की. करीब 9 दिन की जांच के बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर स्कीम नंबर 140 इलाके से दो युवकों को पकड़ा. पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया. आरोपियों के पास से करीब 1.20 लाख की सोने की झुमकी, 1.50 लाख का मंगलसूत्र और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है.

पुलिस आयुक्त खजराना कुन्दन मण्डलोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित उर्फ बिट्टू शर्मा उम्र 29 साल और दीपक उर्फ भांजा उम्र 25 साल के रूप में हुई है. दोनों फिलहाल गोरी नगर में रह रहे थे और पहले भी कई मामलों में शामिल रहे हैं. पुलिस अब आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी, ताकि शहर में हुई अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सके.

# फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर युवती की फोटो और नंबर से की छेड़छाड़

- 3 महीने तक अश्लील पोस्ट कर किया बदनाम, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती की फोटो और मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है. आरोपी ने युवती और उसकी बहन की तस्वीरें पोस्ट कर उन पर अश्लील और आपत्तिजनक कमेंट किए. शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

24 वर्षीय युवती इंदौर में रहकर एमपीपीएससी की तैयारी कर रही है और मूल रूप से देवास की रहने वाली है, वह यहां किराए के मकान में रहती है. 4 मार्च को उसकी बहन ने उसे बताया कि उसके नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया है, जिसमें उसका मोबाइल नंबर भी डाला है. पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस अकाउंट पर युवती और उसकी बहन की फोटो अपलोड कर लगातार अश्लील पोस्ट और कमेंट किए जा रहे थे. आरोपी करीब तीन महीने से इस अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा था. इससे युवती की सामाजिक छवि खराब हो रही थी और उसे परिवार व परिचितों के बीच परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. पीड़िता ने आरोपी का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी. इसके बाद शनिवार को जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अब आरोपी तक पहुंचने के लिए टेक्निकल टीम सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ी जानकारी खंगाल रही है. जल्द आरोपी की पहचान होने की संभावना जताई जा रही है.

### एक नजर में

## रहें ना रहें हम संगीतमय कार्यक्रम आयोजित



**इंदौर**. विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर दीपक जाजू मित्रमंडल द्वारा रहें ना रहें हम संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया. मीडिया प्रभारी विजय परदेशी ने बताया कि सुमन कल्याणपुर एवं आशा भोंसले की स्मृति को समर्पित इस आयोजन में दो सत्रों में 50 से अधिक गायकों ने अपने गीत प्रस्तुत किए, मधुर गीतों से सजी इस शाम में अरुण जोशी, कुँवर अजयसिंह, जे बी सिंह, राजीव परदेशी निर्मला यादव, शकुंतला विजयवर्गीय, वर्षा सिंह, मेघा मकरानी, पायल परदेशी, डॉ लक्ष्मी दुबे, उन्नति कामले, उमा लोहारिया, उमा शर्मा, विनीता शर्मा, कलावती, भनारिया, मीना ठाकुर, सुनीता लाहोरे, शिखा कश्यप, राजेश भूत, संजय यादव, कमलेश यादव, जितेंद्र मोरे, महेन्द्र चतुर्वेदी, रमेश जायसवार, योगेश अग्रवाल, सुरेश वैद्य, सुनील कौशल, बी के पाल, अशोक सावले, डॉ अनुपम श्रीवास्तव, डॉ पी एस दुबे, विजय पाटीदार, मो सलीम खान, विजय शर्मा, कृष्णकांत गोयल, देवराज, नीता तिवारी असीम जायसवाल राजेश गोडाले, सुनील रघुवंशी, चिंतामन आदि गायकों ने अपने गीतों से विश्व संगीत दिवस के आयोजन को सुरीला बनाया. दीप प्रज्वलन मंडल के संरक्षक राधेश्याम यादव, बसंत अग्रवाल, रामकिशोर शुक्ला, नरोत्तम माहेश्वरी, विजय खंडेलवाल डॉक्टर धर्मा बृजेश अमोनिया ने किया. आखिरी समय तक बैठे रहे इस संगीतमयी शाम में डॉ संजय श्रीवास्तव, उमेश चौरसिया, जितिन गोयल, अतुल सराफ, विट्ठल अग्रवाल, दाढ़ी वाले गुरुजी, अशोक दीक्षित, के पी सिंह सहित भारी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे. प्रथम सत्र का संचालन विजय शर्मा, राजीव परदेशी एवं द्वितीय सत्र का संचालन कुँवर अजयसिंह, महेन्द्र चतुर्वेदी ने किया आभार प्रदर्शन अरुण जोशी द्वारा किया गया. तकनीकी सहयोग राजीव परदेशी का रहा.

## योग अपनाने का लिया संकल्प



**इंदौर**. योग दिवस पर गुजर खेड़ा राम मंदिर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रेरणा यादव ने भी क्षेत्र के रहवासियो को योग को योग के करवाया और उससे होने वाले लाभ की जानकरी दी. कई महिलाओं द्वारा प्रतिदिन योग को अपनाने का संकलप लिया. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय सुभाष पाटीदार, फेरी जी सरपंच रानी लखान गायत्री यादव देवकी शर्मा रेनू डूबे भी उपस्थित रही.

## पुरानी रंजिश में युवक को चाकू मारकर किया घायल

**इंदौर**. लसूड़िया थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर उसके घर के सामने हमला कर दिया. आरोपियों ने चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया, जबकि उसके भाई के साथ भी मारपीट की. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि निरंजनपुर निवासी प्रदीप राजोरे उम्र 28 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि करीब दो साल पहले उसका विवाद लखन खोरे से हुआ था, जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज है. इसी रंजिश के चलते 19 जून की रात करीब 10:30 बजे लखन अपने साथियों के साथ उसके घर के सामने पहुंचा और गाली गलौज करने लगा. विरोध करने पर लखन और उसके साथियों ने प्रदीप और उसके भाई विकास के साथ मारपीट शुरू कर दी. इसी दौरान लखन ने चाकू से विकास के पेट, पीठ और जांघ पर वार कर उसे घायल कर दिया. वहीं प्रदीप को भी चाकू के पिछले हिस्से से सिर पर चोट पहुंचाई गई. पुलिस ने आरोपी लखन खोरे और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# नीट परीक्षार्थियों के लिए इंदौर पुलिस ने बनाए सहायता केंद्र, चौराहों पर तैनात की टीम

**इंदौर. नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए इंदौर पुलिस ने शहरभर में विशेष व्यवस्था की. रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस के सहायता केंद्र बनाए, जहां परीक्षार्थियों को मार्गदर्शन और मदद दी गई.**




परीक्षा के दिन सुबह से ही पुलिस टीम अलग अलग पॉइंट पर तैनात रही. बाहरी जिलों से आए छात्रों और उनके परिजनों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुलिसकर्मी रास्ता बताते और ट्रैफिक को सुचारू करते नजर आए. यातायात पुलिस ने जरूरत पड़ने पर परीक्षार्थियों को समय पर केंद्र तक पहुंचाने में भी मदद की. इस व्यवस्था के चलते अब तक शहर में परीक्षा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था भी काफी हद तक सुचारू बनी रही.

# अर्जुनबड़ौदा ब्रिज पर छाया रहता है अंधेरा, बदहाल सर्विस रोड से हो रहे हादसे

- लोगों में फैला आक्रोश, उद्घाटन के बाद भी स्ट्रीट लाइट बंद
- रोज हो रही दुर्घटनाएं, युवक कांग्रेस ने उठाए सवाल

**इंदौर. इंदौर देवास मार्ग स्थित अर्जुन बड़ौदा ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट चालू नहीं होने और सर्विस रोड की खराब हालत को लेकर क्षेत्र में नाराजगी बढ़ती जा रही है. युवक कांग्रेस नेताओं ने जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए जल्द सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है.**

युवक कांग्रेस के ब्लॉक उपाध्यक्ष जीवन हंसराज मंडलोई ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए टोल वसूली के बावजूद इंदौर देवास मार्ग, खासकर शिप्रा क्षेत्र, बदहाल हो चुका है. अर्जुन बड़ौदा ब्रिज का काम वर्षों तक धीमी गति से चला और हाल ही में शुरू होने के बाद भी एक महीने से अधिक समय गुजरने के बावजूद स्ट्रीट लाइट चालू नहीं की गई है. इसके चलते रात में ब्रिज पर अंधेरा रहता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है. उन्होंने बताया कि इस ब्रिज निर्माण के दौरान पहले ही कई लोगों की जान जा चुकी है, इसके बाद भी सुरक्षा इंतजामों को नजरअंदाज किया जा रहा है. शिप्रा के पूर्व सरपंच राजा पटेल ने कहा कि इंदौर से देवास तक सर्विस रोड पूरी तरह उखड़ चुकी है. जगह जगह बड़े गड्ढे हैं, जिससे भारी वाहन फंसकर हादसों का शिकार हो रहे हैं. कई स्थानों पर नालियां खुली पड़ी हैं, जिससे राहगीर और वाहन चालक घायल हो रहे हैं. स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नेताओं प्रहलाद डाबी, नाथूलाल मंत्री, पीर कराड़िया, महेश पटेल, ईश्वरलाल पटेल, मनोहरलाल पटेल, अमित लाला पटेल और संजय परमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से तुरंत स्ट्रीट लाइट चालू कराने और सड़क सुधार की मांग की है. इस दौरान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे.



# जीआरपी ने सिखाया आपदा में कैसे बचाएं जान

- रेलवे स्टेशन पर दिया योग सेहत का संदेश

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जीआरपी ने रेलवे स्टेशनों पर अनोखा आयोजन कर यात्रियों और पुलिसकर्मियों को फिट रहने के साथ आपदा में काम आने वाली जरूरी ट्रेनिंग भी दी. प्लेटफॉर्म पर योग हुआ तो बाद में सीपीआर और राहत बचाव का प्रैक्टिकल भी कराया.



मुख्य कार्यक्रम इंदौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर हुआ, जहां 150 से ज्यादा पुलिसकर्मी और स्टाफ ने योग किया. ट्रेनर्स ने सभी को योगासन, प्राणायाम और ध्यान कराया और रोजमर्रा की जिंदगी में योग के फायदे समझाए. इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के जवान भी साथ में शामिल रहे. कार्यक्रम का दूसरा हिस्सा पुलिस अधीक्षक रेल कार्यालय में हुआ, जहां एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन टीम ने ट्रेन हादसों के दौरान बचाव कार्य का डेमो दिया. घायल को कैसे संभालना है, प्राथमिक उपचार कैसे देना है और सीपीआर किस तरह किया जाता है, यह सब मौके पर सिखाया. गर्भवती महिलाओं और बच्चों को इमरजेंसी में कैसे मदद दी जाए, इसकी भी जानकारी दी गई. इसके बाद डाइटिशियन डॉ. प्रीति शुक्ला ने खान पान और हेल्दी लाइफस्टाइल पर आसान तरीके से समझाया कि रोज की आदतों में छोटे बदलाव कर कैसे बीमारियों से बचा जा सकता है. अंत में सभी ट्रेनर्स का सम्मान किया. पूरे कार्यक्रम में जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही.

## सहेली से बात करने पर विवाद, महिला ने चाकू मारकर युवती को घायल किया

**इंदौर.** किशनगंज थाना क्षेत्र में सहेली से बात करने को लेकर शुरू हुआ विवाद चाकूबाजी तक पहुंच गया. आरोप है कि महिला ने युवती पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी.

करौंदिया चौपाटी निवासी साहबाज खान उम्र 34 साल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है. घटना भाटखेड़ी रोड स्थित श्मशान के पास की है, जहां नेहा की सहेली से बातचीत को लेकर विवाद हुआ. विवाद बढ़ने पर आरोपी पुनम और उसके पति श्रीहरि ने गाली गलौज शुरू कर दी. इसी दौरान पुनम ने नेहा पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई. पुलिस ने आरोपी पुनम और उसके पति श्रीहरि के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## बिल्डिंग में घुसकर फ्लैटों के दरवाजे टटोल रहा था युवक

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र के संचार नगर स्थित एक बहुमंजिला बिल्डिंग में एक युवक के हंगामे से अफरा तफरी मच गई. युवक बिल्डिंग में घुसकर फ्लैटों के दरवाजे चेक करता रहा और पकड़े जाने पर चौथी मंजिल से छत के टावर पर चढ़ गया, वहां से कूदने की धमकी देने लगा. सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर उसे नीचे उतारा.**

घटना प्रशांत सागर टाउनशिप की बताई जा रही है. सुबह एक युवक अचानक बिल्डिंग परिसर में घुसा और एक-एक कर कई फ्लैटों के दरवाजे टटोलने लगा. उसकी हरकतों पर नजर पड़ने पर रहवासी राजीव साहू ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भागता हुआ ऊपर की ओर दौड़ा और सीधे छत पर बने टावर पर चढ़ गया. ऊपर पहुंचते ही युवक ने हंगामा शुरू कर दिया और नीचे कूदने की धमकी देने लगा. इससे बिल्डिंग में रहने वाले लोग घबरा गए और तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक समझाइश देकर युवक को नीचे उतारा और अपने साथ थाने ले गई. रहवासियों ने पुलिस को बताया कि युवक के बैग की तलाशी लेने पर उसमें करीब 18 चाबियां मिलीं, जिससे उसके इरादों पर शक और गहरा गया. बताया जा रहा है कि घटना के समय बिल्डिंग का सिक्योरिटी गार्ड सो रहा था, इसी का फायदा उठाकर युवक अंदर घुस गया. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान तरुण मालवीय निवासी अयोध्या बायपास के रूप में हुई है. उससे पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की जांच जारी है.

**एक नजर में** बंगाली कॉलोनी में गहराया जल संकट, नर्मदा लाइन बेअसर, टैंकर भी नहीं पहुंच रहे गली तक

# शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई, पानी के लिए भटक रहे सैकड़ों परिवार

**इंदौर. शहर में भीषण जल संकट से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है. रहवासी पार्षद से लेकर ऑनलाइन ऐप तक शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही. हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में नियमित जल आपूर्ति तक नहीं हो पा रही.**



वार्ड क्रमांक 41 स्थित बंगाली कॉलोनी के सूरज नगर की गली नंबर 4 में जल संकट विकराल रूप ले चुका है. रहवासियों का कहना है कि पूरी गर्मी वे पानी की एक एक बूंद के लिए संघर्ष करते रहे, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया. क्षेत्र में बिछाई गई नर्मदा पाइपलाइन केवल दिखावे तक सीमित नजर आ रही है, क्योंकि पर्याप्त प्रेशर नहीं मिलने से अधिकांश घरों के नलों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा.

स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में एक भी सरकारी बोरिंग नहीं है. मजबूरी में उन्हें आसपास की कॉलोनियों में लगे बोरिंग से पानी लेने जाना पड़ता है, जहां कई बार पानी देने से मना कर दिया जाता है. निगम के टैंकर भी गली के अंदर तक नहीं पहुंचते, जिससे अधिकांश पानी रास्ते में ही खत्म हो जाता है और सैकड़ों परिवार खाली बर्तन लेकर इंतजार करते रह जाते हैं.


रहवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से शिकायत की, लेकिन अब तक जलापूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है.

### भोपाल तक की शिकायत...



सरकारी सुविधा सबके लिए होती है, लेकिन हमें सरकारी टैंकर और बोरिंग से पानी नहीं दिया जाता. क्षेत्र में नर्मदा लाइन डाली गई है, लेकिन उसमें भी पानी नहीं आता. हमने भोपाल तक शिकायत की, फिर भी सुनवाई नहीं हुई. – पुष्पा डे

### पार्षद को स्थिति देखनी चाहिए...



नर्मदा लाइन में प्रेशर नहीं होने से यहां तक पानी नहीं आता. हमें पानी की टंकी या अन्य जगहों से पानी लाना पड़ता है. वार्ड के पार्षद को यहां आकर स्थिति देखनी चाहिए.
– राजेश्वरी जायसवाल

### वार्ड में नियमित पानी की आपूर्ति की जाए...



नर्मदा जल कनेक्शन के लिए लोगों ने पांच पांच हजार रुपए दिए, बावजूद इसके नलों में पानी नहीं आता. इस भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए यहां वहां भटक रहे हैं. वार्ड में नियमित पानी की आपूर्ति की जाए
— सुनीता चौहान